izlkj Hkkjrh

Hkkjrh; izlkj.k fuxe

vkdk'kok.kh dsUæ f'keyk

21-05-2024@izknsf'kd lek kj@1!"00 #$s

jk%;iky

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला में एक समारोह में डॉक्टर भरत बरोवालिया द्वारा लिखित पुस्तक बैलेंसिंग द स्केल्स प्रोपोर्शनलिटी आफ सेंटेंसिंग फार नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेज ऑफेंसेज का विमोचन किया। ये पुस्तक नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों के मामलों में अदालतों द्वारा अपराधियों को सजा देने पर केंद्रित है। इस पुस्तक में सुप्रीम कोर्ट और हिमाचल, पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालयों के मामलों का विशलेषण किया गया है कि कौन से कारण दोषी और अभियुक्त को दी गई सजा की अवधि के लिए जिम्मेदार हैं। राज्यपाल ने इस मौके पर कहा कि ये पुस्तक कानूनविदों, नीति निर्माताओं और विभिन्न कार्यकर्ताओं के लिए जानकारी का महत्वपूर्ण स्रोत सिद्ध होगी। इस पुस्तक में एनडीपीएस अधिनियम के ऐतिहासिक संदर्भ और कानूनी पहलूओं तथा इस अधिनियम और इसमें होने वाले संशोधनों के कारणों को भी विस्तारपूर्वक बताया गया है।

fuokZ u vk;ksx

केंद्रीय चुनाव आयोग ने प्रदेश के विभिन्न विभागों से संबंधित 61 मामलों को अपनी स्वीकृति दी है। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से स्वीकृति के लिए 77 मामले आए थे। इनमें से सात मामलों को स्पष्टीकरण के लिए संबंधित विभागों को वापस भेजा गया है जबकि शेष मामलों को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि प्राप्त मामलों को उनकी समयबद्धता और अनिवार्यता के आधार पर आयोग को भेजा जाता है और ये भी सुनिश्चित किया जाता है कि इससे किसी भी पार्टी विशेष को किसी प्रकार का राजनीतिक लाभ न हो।

ernku izf';k

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा की 6 सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए आज से होम वोटिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत मोबाइल पोलिंग पार्टियां, बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के

वोट करवाने के लिए घर–घर पहुंच रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने शिमला में आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि प्रपत्र 12–डी के माध्यम से 48 हजार 919 आवेदनों में से अब तक 37 हजार 362 प्रपत्र स्वीकार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 32 हजार 3 सौ 70 मतदाताओं से प्रपत्र प्राप्त हुए हैं और अभी तक इस श्रेणी के 25 हजार 9 सौ 58 मतदाताओं के प्रपत्र निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीकार लिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इसी तरह 13 हजार 5 सौ 54 दिव्यांग मतदाताओं के प्रपत्र विभाग को प्राप्त हुए हैं।

()k$fy

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को आज उनकी पुण्य तिथि पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में छोटा शिमला में राजीव गांधी की प्रतिमा पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और पार्टी के अन्य नेताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलिदी। रोहित ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने कम समय में कई ऐतिहासिक कार्य किए जिन्हें लोग आज भी याद करते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण और 18 साल की उम्र में मताधिकार जैसे फैसले राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहते लिए गए जो देश के लिए ऐतिहासिक साबित हुए। उन्होंने कहा कि देश में कम्प्यूटर क्रांति का श्रेय भी स्वर्गीय राजीव गांधी को जाता है।

eudkf+;k

भाजपा नेता व पूर्व मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया ने कहा है कि कांग्रेस ने प्रदेश की बागडोर एक ऐसे व्यक्ति के हाथों में दे दी है जिसे न तो कार्य करने का अनुभव है और न ही सरकार चलाने का तुजुर्बा। मनकोटिया ने आज धर्मशाला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि हिमाचल का कल्याण सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही कर सकते हैं। इसलिए मौजूदा चुनाव में प्रदेशवासियों को मज़बूती के साथ केन्द्र में भाजपा की सरकार बनानी होगी। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में जो भूल की है उसे मौजूदा चुनाव में सुधारने का बेहतर मौका है।

dkx l

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा है कि देश में लोकसभा चुनाव के पांच चरण पूरा हो जाने के बाद कांग्रेस बढत की ओर अग्रसर है। आलोक शर्मा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इंडी गठबंधन बहुमत की ओर अग्रसर है और देश में अगली सरकार इसी गठनबंधन की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जनता से जो वायदे किए थे वह सब झूठ निकले हैं। उन्होंने ये भी कहा कि हिमाचल से चार सांसद देने के बावजूद केंद्र ने आपदा के समय राज्य की कोई मदद नहीं की।